# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–27.02.2025 (संध्या–1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाकुंभ को एकता का महायज्ञ बताया, कहा– महाकुंभ ने भारतीय संस्कृति और विरासत को समृद्ध बनाए रखने की मजबूत नींव रखी।**
- **वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने 5 हजार 508 करोड़ रुपये का तीसरा अनुपूरक बजट किया पेश, 3 मार्च को आएगा राज्य का बजट।**
- **झारखंड लोक सेवा आयोग के नए अध्यक्ष बनाये गये पूर्व मुख्य सचिव एल. खियांग्ते, राज्यपाल ने दी नियुक्ति की मंजूरी।**
- **रांची में झारखंड पुलिस एसोसिएशन के सातवें अधिवेशन का शुभारंभ, डीजीपी समेत वरिश्ठ पुलिस पदाधिकारी हुए भाामिल।**
- **पलामू पुलिस ने टीएसपीसी नक्सली को किया गिरफ्तार, 6 सौ 52 जिंदा कारतूस किया गया बरामद।**

*******************

महाकुंभ को एकता का महायज्ञ बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि भारत को अपनी विरासत पर गर्व है और वह नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने प्रयागराज महाकुंभ की सफलता की सराहना करते हुए कहा कि यह सफल आयोजन नीति विशेषज्ञों के लिए अध्ययन का विषय है। एक ब्लॉग पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि दुनिया ने आश्चर्य से देखा कि किस तरह करोड़ों लोग प्रयागराज में संगम के तट पर एकत्र हुए जबकि लोगों को कोई औपचारिक निमंत्रण नहीं मिला था। एक रिपोर्ट –

*******************

झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने आज विधानसभा में चालू वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए पांच हजार पांच सौ आठ करोड़ रुपये का तीसरा अनुपूरक बजट पेश किया। श्री किशोर ने स्वास्थ्य और अन्य मुद्दों पर सीएजी की रिपोर्ट भी पेश की, जिसे सदन ने स्वीकार कर लिया।

वित्त मंत्री कल सदन में आर्थिक सर्वेक्षण पेश करेंगे। वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए झारखंड का राज्य बजट 3 मार्च को पेश किया जाएगा। इससे पहले महाशिवरात्रि के दिन हजारीबाग के इचाक प्रखंड में भगवा झंडा फहराने को लेकर दो समुदायों के बीच हुई सांप्रदायिक हिंसा की घटना को लेकर सदन में हंगामा हुआ। विपक्षी सदस्यों ने हिंसा की घटना पर सरकार से जवाब मांगा। इस बीच राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की और राज्य में पेसा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए तत्काल नियम बनाने के निर्देश दिए।

*******************

रामगढ़ जिले के गोला में एनडीए का अनिश्चितकालीन धरना शुरू हो गया है। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल और गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने धरने का नेतृत्व किया है। सांसद मनीष जायसवाल ने राज्य सरकार पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया है।

*******************

पूर्व मुख्य सचिव एल. खियांग्ते को झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सरकार के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी। उन्होंने आशा जताई कि इससे नियुक्ति प्रक्रिया तेज होगी और परीक्षाएं तय समय पर होंगी। गौरतलब है कि जेपीएससी अध्यक्ष का पद पिछले छह माह से खाली था। 22 अगस्त 2024 को डॉक्टर मेरी नीलिमा केरकेट्टा के सेवानिवृत्त होने के बाद से यह पद रिक्त था।

*******************

राजधानी रांची में झारखंड पुलिस एसोसिएशन के सातवें अधिवेशन का शुभारंभ डीजीपी अनुराग गुप्ता, आईजी अनूप बिरथरे और डीआईजी नौशाद आलम ने किया। अधिवेशन में झारखंड और बिहार पुलिस एसोसिएशन के पदाधिकारी और सदस्य शामिल हुए। मौके पर डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि पुलिस मेन्स एसोसिएशन पुलिस की महत्वपूर्ण कड़ी है।

*******************

नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पलामू पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पलामू पुलिस ने टीएसपीसी नक्सली उपेंद्र भुइयां को मनातू थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। उसकी निशानदेही पर कोहबरिया जंगल से 6 सौ 52 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि नक्सल संबंधी गतिविधियों की कई अहम जानकारियां मिली हैं।

*******************

कोडरमा थर्मल पावर प्लांट से निकलने वाली छाई की ढुलाई अब ट्रेनों के जरिए शुरू हो गई है।

*******************

**संक्षिप्त खबरें**

- चतरा में जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेले का आयोजन किया गया, जिसमें 30 से अधिक कंपनियों ने हिस्सा लिया। उपायुक्त रमेश घोलप ने युवाओं को अवसर की पहचान और सृजन पर जोर दिया।
- पलामू जिला प्रशासन की टीम ने हुसैनाबाद के अनुमंडल कार्यालय परिसर में कैंप लगाकर लोगों की समस्याएं सुनीं। जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने और शिकायतों के समाधान के लिए त्वरित कार्रवाई की गई।
- जमशेदपुर पुलिस ने सेना, रेलवे और अन्य सरकारी विभागों में भर्ती के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से फर्जी आईडी कार्ड, दस्तावेज, पिस्टल और गोला–बारूद बरामद किया।

*******************

झारखंड के मौसम में उतार चढ़ाव जारी है। मौसम विभाग के अनुसार कल पलामू, गढ़वा, चतरा समेत कुछ जिलों में हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार राजधानी रांची का अधिकतम तापमान 29 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

*******************

आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी में आज रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच मुकाबला लगातार बारिश के कारण बिना एक भी गेंद फेंके रद्द हो गया। दोनों टीमों को एक–एक अंक मिला।

******समाप्त*******